दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 143 मुरादाबाद 18 September 2022 (Sunday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## पीएम मोदी ने कूनो राष्ट्रीय उद्यान में 8 चीतों को छोड़ा, कहा- भारत पर्यावरण के साथ कर सकता है विकास




नई दिल्ली- भारत आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 72वां जन्मदिन मना रहा है। पीएम मोदी के जन्मदिन पर देशभर में कई तरह के खास कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अपने जन्मदिन पर पीएम मोदी ने मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में आठ चीतों को छोड़ा है। नामीबिया से आठ चीतों को लेकर विशेष मालवाहक विमान से ग्वालियर लाया गया। इसके बाद इन्हें चिनूक हेलीकॉप्टर से कीनो राष्ट्रीय उद्यान ले जाया गया। अधिकारियों ने कहा कि इन आठ चीतों में पांच मादा और तीन नर हैं। नामीबिया से %प्रोजेक्ट चीता% के हिस्से के रूप में इन्हें भारत लाया गया है। राष्ट्रीय उद्यान में नामीबिया से आए चीता छोड़ने के बाद पीएम मोदी ने कहा कि इससे भारत की प्रकृति प्रेरणा तेजी से जागृत होगी। चीतों को देखने के लिए कुछ महीनों का देना होगा समय पीएम मोदी ने कहा कि कुनो नेशनल पार्क में इन चीतों को देखने के लिए लोगों को धैर्य दिखाना होगा और कुछ महीनों तक इंतजार करना होगा। ये चीते इस इलाके से अनजान मेहमान बनकर आए हैं। कुनो राष्ट्रीय उद्यान को अपना घर बनाने में सक्षम होने के लिए हमें इन चीतों को कुछ महीने का समय देना होगा। पीएम मोदी ने कहा कि किसी जीव जंतु का अस्तित्व हमारी वजह से मिट जाए यह कितना दुखद है। हमारी युवा पीढ़ी को पता ही नहीं है कि चीता हमारे यहां कई साल पहले विलुप्त हो चुके हैं। चीतों के साथ भारत की प्रकृति प्रेरणा तेजी से होगी जागृत - पीएम मोदी इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि चीतों के साथ भारत की प्रकृति प्रेरणा तेजी से जागृत होगी। मुझे विश्वास है कि यह चीते न केवल प्रकृति के प्रति जिम्मेदारियों का बोध कराएंगे बल्कि हमारी मानवीय मूल्यों से भी अवगत कराएंगे। साथ ही कहा कि मुझे विश्वास है कि ये चीते हमें अपने मानवीय मूल्य से भी अवगत कराएंगे। पीएम मोदी ने कहा कि आजादी के इस अमृतकाल में हमने अपनी विरासत पर गर्व और गुलामी की मानसिकता से मुक्ति के पंच प्राणों को दोहराया है। पीएम मोदी ने चीतों को राष्ट्रीय उद्यान में छोड़ा मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में पीएम मोदी ने नामीबिया से आए 8 चीते को छोड़ दिया है। पीएम मोदी ने बाड़े के दरवाजे खोल कर इन चीतों को जंगल में छोड़ा है।पीएम मोदी का हुआ स्वागत पीएम मोदी के कूनो राष्ट्रीय उद्यान पहुंचने पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और राज्य के गृहमंत्री नरोत्तम मित्रा ने उनका जोरदार स्वागत किया। पीएम मोदी अब से कुछ ही देर में नामीबिया से आए आठ चीतों को राष्ट्रीय उद्यान में छोड़ेंगे।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कूनो राष्ट्रीय उद्यान पहुंच गए हैं। अब से कुछ ही देर में नामीबिया से आए 8 चीतों को इस राष्ट्रीय उद्यान में छोड़ेंगे। इस दौरान पीएम मोदी के साथ राज्यपाल मंगू भाई पटेल, सीएम शिवराज सिंह चौहान समेत कई शीर्ष नेता और अधिकारी मौजूद हैं।


## पीएम मोदी के बर्थडे पर CM योगी ने किया प्रदर्शनी का शुभारंभ, मायावती ने दी बधाई; डिप्टी CM बृजेश पाठक ने किया रक्तदान



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर आज प्रदेश भर में बीजेपी ने कार्यक्रम आयोजित किए हैं। पार्टी ने आज से ही सेवा पखवारा की शुरुआत की है तो 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती तक चलेगा। इस बीच सीएम योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में प्रधानमंत्री के जीवन के विविध पहलुओं से परिचय कराती छाया चित्र प्रदर्शनी कहानी भारत मां के सच्चे सपूत की का शुभारंभ किया। पूर्व सीएम और बसपा सुप्रीमो मायावती सहित तमाम वरिष्ठ नेताओं ने भी पीएम मोदी को बधाई दी है। लखनऊ में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने इस मौके पर रक्तदान किया। सीएम योगी ने पीएम मोदी को जन्मदिन की बधाई देते हुए एक ट्वीट में लिखा- एक भारत-श्रेष्ठ भारत के शिल्पी, अंत्योदय हेतु राष्ट्र आराधना में सतत रत, यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई! प्रभु श्री राम मां भारती के परम उपासक आदरणीय प्रधानमंत्री जी को दीर्घायु व उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करें। सीएम योगी ने इस मौके पर एक भारत-श्रेष्ठ भारत शीर्षक से एक लेख भी लिखा है। उन्होंने अपने ट्विटर हैंडल पर इस लेख को पोस्ट भी किया है।पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन की बधाई दी और उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की। उन्होंने एक ट्वीट में लिखा-प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को उनके 72वें जन्मदिन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें तथा उनके स्वस्थ्य व दीर्घायु जीवन की कामना।

## 'हमारा शेर भारत जोड़ो यात्रा पर निकला तो विदेश से चीते लाने लगे', कांग्रेस ने 'चीता इवेंट' को बताया तमाशा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नामीबिया से लाए गए चीतों को एमपी के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में छोड़ा। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमने 1952 में देश से चीतों को विलुप्त घोषित कर दिया, लेकिन दशकों तक उनके पुनर्वास के लिए कोई सार्थक प्रयास नहीं किया गया। वहीं, कांग्रेस ने चीतों से जुड़े इस पूरे कार्यक्रम को दिखावा और भारत जोड़ो यात्रा से ध्यान भटकाने का प्रयास बताया।कांग्रेस के सीनियर नेता जयराम रमेश ने ट्वीट करके कहा, पीएम शासन में निरंतरता को शायद ही कभी स्वीकार करते हैं। चीता प्रोजेक्ट के लिए 25.04.2010 को



केपटाउन की मेरी यात्रा का जिक्र तक न होना इसका ताजा उदाहरण है। आज पीएम ने बेवजह का तमाशा खड़ा किया। ये राष्ट्रीय मुद्दों को दबाने और भारत जोड़ो यात्रा से ध्यान भटकाने का प्रयास है।जयराम रमेश ने एक अन्य ट्वीट में कहा, 2009-11 के दौरान जब बाघों को पहली बार पन्ना और सरिस्का में स्थानांतरित किया गया तब कई लोग आशंकाएं व्यक्त कर रहे थे। वे गलत साबित हुए। चीता प्रोजेक्ट पर भी उसी तरह की भविष्यवाणीयां की जा रही हैं। इसमें शामिल प्रोफेशनल्स बहुत अच्छे हैं। मैं इस प्रोजेक्ट के लिए शुभकामनाएं देता हूं!

www.knlslive.com

### 'भारत तोड़ने वाले विदेश से चीते ला रहे'

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने ट्वीट करके कहा कि क्यूंकि हमारा शेर भारत जोड़ो यात्रा पर निकला हुआ है तो भारत तोड़ने वाले विदेश से अब चीते ला रहे हैं। मालूम हो कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आज करुनागपल्ली के समीप पुथियाकावु जंक्शन से हजारों पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ भारत जोड़ो यात्रा के 10वें दिन का सफर शुरू किया। गांधी और यात्रा में शामिल सदस्यों ने शुक्रवार को करीब 24 किलोमीटर की पदयात्रा करने के बाद करुनागपल्ली में विश्राम किया था। भारत जोड़ो यात्रा सुबह साढ़े छह बजे फिर से शुरू हो गई। गांधी और पार्टी के अन्य सदस्य करीब 12 किलोमीटर की पदयात्रा करेंगे और अलपुझा जिले में प्रवेश करेंगे। दोपहर में आराम के बाद वे फिर शाम पांच बजे पदयात्रा शुरू करेंगे और 8 किलोमीटर का सफर करेंगे। वे चेप्पड में जनसभा के साथ शनिवार के कार्यक्रम का समापन करेंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के. सुरेश, के. मुरलीधरन, के सी वेणुगोपाल और राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता वी डी सतीशन भी राहुल के साथ पदयात्रा कर रहे हैं।

# जर्जर अंत्येष्टि स्थल के सौंदर्यीकरण कराए जाने की मांग

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जनपद के विकास खंड जमुनहा के ग्राम पंचायत जमुनहा भवनियपुर में बने एक मात्र अंत्येष्टि स्थल देखभाल के अभाव में जर्जर हो चुका है जिससे जमुनहा बाजार के ग्रामीणों को मिट्टी देने के लिए जमुनहा से लगभग दो किलोमीटर दूर बूढ़ी राप्ती नदी के तट पर जाना पड़ता है परंतु ग्राम पंचायत के प्रधान सहित लगभग सभी विभागीय अधिकारियों ने कभी भी इसी जर्जर अंत्येष्टि स्थल के हालत पर ध्यान नही दिया गौर जबकि जमुनहा भवनियापुर ग्राम पंचायत में लगभग 9 वर्ष पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रुक्मिणी देवी द्वारा इस अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कराया गया था जिसके बाद जमुनहा भवनियापुर के पूर्व प्रधान द्वारा भी इसकी मरम्मत कराई गई परन्तु इस अंत्येष्टि स्थल की हालत ज्यो की त्यों



बनी रही जबकि राप्ती नदी में बाढ़ व बारिश होने के दौरान ग्रामीणों को नदी के तट पर मिट्टी देने में बहुत सारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है परंतु जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते इस एक मात्र अंत्येष्टि स्थल पर जाने वाले रास्ते से लेकर अंदर बने टीन शेड व ग्रामीणों के बैठने के साथ साथ पूरे बाउंड्रीवाल के अंदर घास फूस व गन्दगी का अंबार है तथा बाउंड्रीवाल के अंदर गन्दे पानी का जमावड़ा है जिसमें मजबूर होकर ग्रामीणों को मिट्टी देने जाना पड़ता है ग्रामीण सरवन गुप्ता, भोला गुप्ता, पंकज गुप्ता, रामकुमार शर्मा, विष्णु बाबा,मेहुल नाग,गुड्डु गुप्ता, वीरेंद्र गुप्ता, पूरन सोनी,कन्हैया गुप्ता, जितेंद्र पटवा,रवि पटवा,राहुल पटवा,धनीराम सोनी,प्रमोद गुप्ता, आदि ने बताया कि कई बार इस अंत्येष्टि स्थल को सही कराने व इसका सौंदर्यीकरण कराए जाने की मांग ग्राम प्रधान से की गई मगर न तो ग्राम प्रधान इस पर ध्यान दे रहे हैं न ही विभागीय अधिकारी

# नहर में तैरता दिखा अज्ञात युवक का शव

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- इकौना ( श्रावस्ती )। मुख्य सरयू नहर में महजिदिया गांव के निकट ग्रामीणों ने एक शव को बहते देखा। सूचना पर पहुंची इकौना पुलिस ने लाश को नहर से निकलवाने का प्रयास किया। लेकिन पानी का बहाव काफी तेज होने के कारण ठोकर से टकराने के बाद उसका पता नहीं चल सका। इस दौरान नहर में पानी का बहाव काफी तेज होने के कारण गोताखोर पानी में उतरने की हिम्मत नहीं कर सके। जिससे शव उतराते हुए आगे निकल गया। जिसका पीछा करते हुए ग्रामीण व पुलिस थाना क्षेत्र के अकबरपुर गांव तक नहर के किनारे गए। इस दौरान यहां बने ठोकर से टकराने के बाद शव लापता हो गया। काफी देर तक तलाश के बाद शव न दिखने पर पुलिस खाली हाथ लौट आई। वहीं यह शव किसका है, कहां से आया, दुर्घटना है या आत्महत्या, इसको लेकर लोग अलग-अलग कयास लगा रहे हैं। फिलहाल शव का कोई पता नहीं चल सका है।

# आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हेतु 30 सितम्बर तक लगाए जाएंगे विशेष कैंप

लंकीन प्रसाद वर्मा- दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निदेश पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 शारदा प्रसाद तिवारी ने बताया है कि शासन के निर्देशानुसार जनपद की ग्राम पंचायतों में सभी पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के लिए संबन्धित ग्राम के जन सेवा केन्द्रों पर विशेष आयुष्मान कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप 30 सितम्बर, 2022 तक निर्धारित रोस्टर के अनुसार संचालित किया जाएगा। उन्होने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान ( अन्त्योदय कार्ड धारक ) के अन्तर्गत समस्त चिन्हित लाभार्थियों से अपील किया है कि यदि अभी तक उनका आयुष्मान कार्ड नहीं बना हुआ है तो अपने ग्राम की आशा, आंगनवाडी और कोटेदार से संपर्क करते हुये निकटतम जन सेवा केंद्र पर जाकर परिवार के समस्त सदस्यों का आयुष्मान कार्ड अनिवार्य रूप से बनवा ले और किसी भी राजकीय व चिन्हित निजी चिकित्सालयों में 5 लाख प्रति परिवार तक के नि:शुल्क इलाज की सुविधा का लाभ उठाए। आयुष्मान सूची में अपनी पात्रता जांच हेतु टोल फ्री नंबर 180018004444 पर कॉल करे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मोदी के जन्मदिवस पर मरीजों को वितरित किए फल



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- शनिवार को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अरुण कुमार शुक्ला,समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार के प्रभारी डॉ संदीप वर्मा सहित अन्य नेताओं ने मरीजों को फल वितरित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस बड़े धूमधाम से मनाया, इस अवसर पर भाजपा नेता गौरव शर्मा,सचिन मिश्रा, सुनील गुप्ता, पप्पू दीक्षित,सतवंत सिंह,मुकेश मिश्रा, वरुण मिश्रा, सहित अस्पताल का स्टाफ मौजूद रहा।

# राज्यसभा सांसद ने केक काटकर धूमधाम से मनाया प्रधानमंत्री जी का जन्मदिन

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन आदर्श नगर पंचायत खुटार कार्यालय परिसर में बड़ी धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और केक काटकर कार्यक्रम में आए स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों को केक खिलाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया,कार्यक्रम में चेयरमैन अनुपम शुक्ला के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई जिसको राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार एवं चेयरमैन अनुपम शुक्ला ने नगर के सरस्वती शिशु मंदिर एवं क्राइस्ट अकादमी स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों को प्रदर्शनी दिखाई,अनुपम शुक्ला ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जीवन पर आधारित लगाई गई यह प्रदर्शनी



लोगो के देखने के लिये नगर पंचायत कार्यालय परिसर में तीन दिन तक लगी रहेगी,इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक भाजपा जिला मंत्री सौरभ सोमवंशी,आईटी सेल प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह,भाजपा मंडल अध्यक्ष अरुण कुमार शुक्ला,भाजपा नेता नीरज सिंह एडवोकेट, सभासद आशीष मिश्रा,सभासद पुत्र मिलन मिश्रा, रिंकू पाण्डेय, प्रधानाचार्य नीरज मिश्रा,मुकेश दीक्षित उर्फ पप्पू ,सुनील गुप्ता,रामाधार मिश्रा, शिक्षक नितिन मिश्रा, रामसागर,शिक्षक विदनेश तिवारी,सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# 7 दिवसीय विकास चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन नगर विधायक श्री रितेश कुमार गुप्ता ने फीता काटकर किया

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद -सूचना निदेशालय लखनऊ द्वारा मण्डल मुख्यालय मुरादाबाद स्थित पंचायत भवन परिसर में एक 7 दिवसीय विकास चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन नगर विधायक श्री रितेश कुमार गुप्ता ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने जोर देकर कहा कि वर्तमान शासन की प्राथमिकताओं के आलोक में विकास चित्र प्रदर्शनी का आयोजन आगामी 23 सितम्बर 2022 तक होगा। जनसामान्य अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पंचायत भवन परिसर मुरादाबाद में लगाई गयी विकास चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन कर अपने लाभ की जानकारी हांसिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि विकास चित्र प्रदर्शनी केन्द्र व राज्य सरकार की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी उपलब्धियों, निर्णयों एवं योजनाओं पर आधारित होने के साथ ही मा0 प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में उनके व्यक्तित्व पर गहरा प्रभाव डालने के लिए आयोजित है। प्रदर्शनी में मा0 प्रधानमंत्री जी के व्यक्तित्व पर चित्रों का प्रदर्शन आकर्षण एवं शिक्षाप्रद है विकास प्रदर्शनी में मा0 नगर विधायक ने मा0 प्रधानमंत्री जी भारत सरकार के व्यक्तित्व पर आधारित चित्रों का अवलोकन किया। इस अवसर पर नगर विधायक ने बताया कि अन्त्योदय के उपासक मा0 प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सेवा पखबाडा मनाया जा रहा जिसके अर्न्तगत प्रधानमंत्री जी के जीवन एवं व्यक्तित्व पर आधारित चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण नीतियों, निर्णयों, उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से जानकारी प्रदान की जा रही है इस अवसर पर नगर विधायक श्री रितेश कुमार गुप्ता के साथ ही भाजपा महामंत्री श्री श्यामबिहारी, उप निदेशक सूचना जहांगीर अहमद, सहित अन्य अधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण, काफी संख्या में दर्शकों के साथ ही जिला सूचना कार्यालय के क्षेत्रीय प्रदर्शनी अधिकारी असित सिंह, प्र0ए0डी0आई0ओ0 मुजम्मिल हुसैन, ब्रजेश भट्ट, प्रमोद कुमार, मुकुल कुमार आदि उपस्थित रहें।

# कोर पीसीआई पानी संस्थान और स्वास्थ्य विभाग द्वारा पोलियो की जागरूकता के लिए निकली गई रैली

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - 18 सितंबर से शुरू होने वाले पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने और समुदाय में जागरूकता फैलाने के लिए कोर-पीसीआई-पानी संस्थान और स्वास्थ्य विभाग द्वारा पोलियो चैक से सीएमओ डा0एम0सी0 गर्ग द्वारा हरी झंडी दिखाकर ई रिक्शा रैली रवाना की गई। यह ई- रिक्शा रैली पोलियो की जागरूकता के लिए जोन 3,4,5 और 7 में घुमाई जायेगी। इस अवसर पर डा0 विश्राम सिंह, एसीएमओ डा0 अनिल दोहरे, डीआईओ डा0 मनोज चैधरी, कोरपीसीआई से डीएमसी गजाला शकूर, बीएमसी अनिल रॉबिनसन, बीएमसी कोमल सिंह, बीएमसी योगेन्द्र, बीएमसी आलिया नाज, बीएमसी अनीता सिंह, वाहिद अली, पार्टनर डब्ल्यूएचओ, यूनिसेफ, यूएनडीपी, जेएसआई उपस्थित रहें।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील ठाकुरद्वारा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्पन्न

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद - जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील ठाकुरद्वारा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्पन्न हुआ, जिसमें जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवसों में आने वाली जनशिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों को निर्देश दिये कि आईजीआरएस शिकायतों का निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण न होने के कारण डिफाल्टर होने से जनपद की ग्रीडिंग खराब हो रही है, हमें न केवल शिकायतों का निस्तारण करना है बल्कि शिकायत कर्ता को सही बात बताकर संतुष्टि भी देनी है। उन्होंने कहा कि अधिकारी शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण समय के साथ निस्तारण करें। मुख्यमंत्री कार्यालय से आईजीआरएस शिकायतों की निरन्तर मानीटरिंग हो रही है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रतिदिन कार्यालय में एक घण्टा बैठकर जनशिकायतों को अवश्य सुने ताकि शासन की मंशानुरुप शिकायतों का समय से निदान हो। यदि कहीं भ्रमण पर जाना है तो मूवमेंट रजिस्टर में एंट्री करके ही भ्रमण पर जाये। जिलाधिकारी ने विकास विभाग के अधिकारियों से कहा कि यदि शासन से लक्ष्य प्राप्त नही हुए है तो पूर्व वित्तीय वर्ष के लक्ष्य को मानते हुए विकास कार्यो को गति प्रदान करें। उन्होंने कहा कि लाभार्थीपरक योजनाओं को ठीक प्रकार से क्रियान्वय करें, पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ अवश्य मिलें। उन्होंने कहा कि हम और बेहतर करने की दिशा में सब मिलकर प्रयास करें, ताकि जनपद का बेहतर फीडबैक बना रहें।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आवेदकों द्वारा जो प्रार्थना पत्र प्रेषित किए जायें उनमें आवेदक का अथवा उसके किसी परिचित का मोबाइल नम्बर अनिवार्य रुप से दर्ज किया जाये। प्रार्थना पत्र दर्ज होने के पश्चात् सम्पूर्ण समाधान दिवस में आवेदन कर्ता द्वारा प्रस्तुत किया जाये। आवेदन कर्ता की सुनवाई कर उसका तत्काल निस्तारण के यथा संभव प्रयास करना सुनिश्चित करें। समस्त अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी कि वह अपने से संबंधित प्रार्थना पत्रों को उसी दिन प्राप्त करने के बाद ही तहसील कार्यालय छोडे। इसके साथ ही आवेदन पत्रों की प्राप्ति की पूरी व्यवस्था संबंधित तहसीलदार की देखरेख में की जाएगी तथा सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन के बाद उसी दिन सभी प्रार्थना पत्रों का कम्प्यूटर पर अंकन कराना भी संबंधित तहसीलदार व उपजिलाधिकारी द्वारा सुनिश्चित कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रार्थना पत्र का कम्पलोटरीकरण (स्कैनिंग, अपलोडिंग एवं विवरण फीडिंग) समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आई0जी0आर0एस0) (रंदेनद्ूपणनचण्दपबणपद) से संबंधित सम्पूर्ण समाधान दिवस के पोर्टल पर किया जायेगा। शिकायती प्रार्थना पत्र पर अपेक्षित निस्तारण कार्यवाही व प्रगति की स्थिति भी संबंधित अधिकारी द्वारा आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर समय-समय पर अपलोड की जाएगी। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त आवेदन पत्रों का निस्तारण एवं अनुश्रवण के संबंध में निर्देशित किया है कि निजी भूमियों का सीमाकंन/पैमाइश, निजी भूमियों का अविवादित नामान्तरण, खतौनी में नाम व अन्य अशुद्धियों का शोधन, फर्जी बैनामें के आधार पर नामान्तरण/कब्जा, संबंधित शिकायतों को तहसीलदार अथवा नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं संबंधित लेखपाल की टीम बनाकर मौके पर भेजकर निस्तारण किया जाये। राजकीय एवं सार्वजनिक उपयुक्त भूमियों यथा चकरोड, रास्ता, तालाब, खलिहान, नाली, चारागाह आदि पर अतिक्रमण एवं अवैध कब्जे, निजी भूमियों पर अन्य भूमिधरों/सहखाते द्वारा अवैध कब्जा, पट्टे की भूमि पर कब्जा, आबादी भूमि में पानी का निकास व आवागमन अवयुक्त करने संबंधी शिकायतों का तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं संबंधित थाने के हेड कांस्टेबल की टीम बनाकर मौके पर भेजकर निस्तारण कराया जाये। गृह विभाग से संबंधित शिकायतों के निस्तारण हेतु प्रकरण संबंधित पुलिस उपाधीक्षक को सन्दर्भित कर दिया जाए

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।


## संपादकीय Editorial

# India in Samarkand

The Shanghai Cooperation Organization conference held in Samarkand, the capital of Uzbekistan, has many regional and global implications. The echo of this conference may be felt in global diplomacy in the coming days. In the same conference, the presence of attacking Russia, imperialist China, steadfast Iran, huge emerging India and Pakistan seeking help from time to time will be watched by many countries. Especially America and NATO countries will have a close watch on this. On the other hand, a somewhat isolated Putin these days is searching for a platform on the world stage, which he cannot get better than the Shanghai Cooperation Organisation. He would definitely like to show that giant countries like China and India are standing with him. By advising this cooperation organization of about 18 countries to organize their games, Putin has tried to tell that the future of this organization can be bright. Have these countries started thinking beyond economic cooperation? Have there been any complaints about economic cooperation in these countries? The truth is that before expanding any other type of cooperation, the countries of this organization should sincerely strengthen economic cooperation. However, while addressing the Shanghai Cooperation Organization (SCO), Prime Minister Narendra Modi has said that the member countries of the SCO contribute about 30 percent to the global economy and 40 percent of the world's population resides in these countries. India supports greater cooperation and mutual trust among SCO members. The Prime Minister has made a strong pitch for building better supply chains between these countries. However, this work is very difficult. While Pakistan is giving us strategic tension, our overall economy is also the target of China. This is the reason why China wants to prevent India from becoming self-reliant under the policy. China is already the manufacturing hub of the world and India is now declaring to emerge. If India's market spreads to SCO countries, then India benefits. But the truth is that even Pakistan, which is seeking help from door to door, is not ready to take a favorable attitude towards India. Then the question gets stuck here that how much India is associated with Dilojan with such an organization, some of whose member countries are directly or indirectly in favor of terrorism?"Note, Prime Minister Modi has not met with the Heads of Government of China or Pakistan. The Prime Minister has given his clear message while keeping distance from the leaders of these two countries. How did guns and conversation go together? If India was giving the pain of terrorism to China, what would the Chinese leaders do? So it is not surprising that Modi and Jinping were seen standing side by side on the stage in Samarkand, but both did not even shake hands or smile. China will have to overcome this distance. Will Russia convince China for this and China will go ahead and show the right path to Pakistan? Although such passionate expectations do not have a place in world diplomacy, most countries or effective organizations are governed by economic self-interest. It is in good health that India should put its economic interest first and keep the pressure on terrorism while expressing its unhappiness.

# Akshara Singh broke silence on private video leak, said- 'On such a cheap act'

Bigg Boss OTT Contestant, Bhojpuri actress Akshara Singh is in the headlines these days. Recently, an MMS video went viral on the internet, which is being shared fast by telling Akshara Singh. Meanwhile, now Akshara Singh has broken her silence on this. She said that she does not know who has done this act, but she does not care about it. Akshara Singh said on MMS leak"In a conversation with E-Times, Akshara called it a cheap stunt and said that 'Whoever has done such an act, I do not care about all these things. Somebody said anything. I haven't even seen this mms video yet. Want to ask the people who made it viral, am I seen in this video? I am not going to break down due to such a cheap act, nor does it matter to me.' Not only this, in this video Akshara is also raging on Bhojpuri film industry. In the video, Akshara is seen wiping her tears and she is saying, 'I have kept tight. People who like me will like it. Wherever I go, wherever I work.' Viral video- Akshara further says in the video, 'You cannot stop anyone. Do your work If you have a big name. So work and make a name for yourself. You guys show fake drama to the audience. Be real, don't be fake. Please note that this video is two years old. But now it is going viral after MMS scandal by telling Akshara's reaction. Shilpi Raj has also become victim - Such MMS is not new for Bhojpuri film industry. Before Akshara, singer Shilpi Raj also came into the limelight due to MMS leak. However, Shilpi later claimed that the video was not hers and it was being shared to defame her.



## Amitabh Bachchan revealed the secret in 'Kaun Banega Crorepati 14', why the name of the bungalow is 'Pratiksha'

Bollywood actor Amitabh Bachchan is making a splash on the big screen these days, while on the other hand he is also very active on the small screen. These days Amitabh Bachchan is hosting Kaun Banega Crorepati 14 on the small screen. In the show, Amitabh often tells different stories, so in the latest episode of the show, he revealed why his bungalow is named Pratiksha and who kept it. During the conversation, Amitabh Bachchan says, 'People ask me why you named your house Pratiksha, but I want to tell them that I did not choose this name, but my father chose it. I asked my father why did you keep the name Pratiksha? Then he told that he has a poem, one line of which says - Welcome is for everyone but there is no waiting for anyone. Big B lived with parents - tell that Amitabh Bachchan's bungalow in Pratiksha, Juhu is present. Earlier Amitabh Bachchan lived in this bungalow with his parents, however after the passing of the parents, Amitabh shifted to another bungalow Jalsa. Now Amitabh Bachchan lives in Jalsa with his family. However, Pratiksha is very close to Amitabh's heart and he often goes there to spend time there. The first gift from salary for father - Amitabh narrated more stories in the show. Amitabh Bachchan had told during a conversation with Prakhyat Shetty, who arrived on the show, that his first job was as an executive in a company in Calcutta. Amitabh further told that when he got leave after getting his first salary, he had taken a gift for father Harivansh Rai Bachchan. Amitabh took the watch as a gift for his father. Although this watch was never found by Amitabh's father. Amitabh had further told that the servant stole the watch when he was taking a bath on reaching Delhi.



आवश्यकता है उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# 'हमारा शेर भारत जोड़ो यात्रा पर निकला तो विदेश से चीते लाने लगे', कांग्रेस ने 'चीता इवेंट' को बताया तमाशा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नामीबिया से लाए गए चीतों को एमपी के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में छोड़ा। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमने 1952 में देश से चीतों को विलुप्त घोषित कर दिया, लेकिन दशकों तक उनके पुनर्वास के लिए कोई सार्थक प्रयास नहीं किया गया। वहीं, कांग्रेस ने चीतों से जुड़े इस पूरे कार्यक्रम को दिखावा और भारत जोड़ो यात्रा से ध्यान भटकाने का प्रयास बताया।कांग्रेस के सीनियर नेता जयराम रमेश ने ट्वीट करके कहा, %पीएम शासन में निरंतरता को शायद ही कभी स्वीकार करते हैं। चीता प्रोजेक्ट के लिए 25.04.2010 को केपटाउन की मेरी यात्रा का जिक्र तक न होना इसका ताजा उदाहरण है। आज पीएम ने बेवजह का तमाशा खड़ा किया। ये राष्ट्रीय मुद्दों को दबाने और भारत जोड़ो यात्रा से ध्यान भटकाने का प्रयास है। जयराम रमेश ने एक अन्य ट्वीट में कहा, %2009-11 के दौरान जब बाघों रणनीति और कूटनीति के भंवर में लव जिहाद की बू पत्रकार जो फंसते नजर आए तो भाजपा के कैलाश गंज के नेता को दी मोटी रकम भाजपा नेता ने मर्यादा की तार तार मोटी रकम लेकर भरा दम एटा। रमन प्रकाश पुत्र नाथूराम निवासी नगला वरी ने कल एक शिकायती पत्र जिला अधिकारी एटा को सौपा है जिसमे शिकायतकर्ता ने कहा है कि उसकी पुत्री मीना विजय नगर कालोनी मे अपनी दो बेटियों एबं एक पुत्र के साथ रहती है, उनके दामाद का स्वर्गवास हो गया है इस कारण उनकी बेटी की मानसिक स्थिति सही नहीं चल रही है जिसका आगरा स्थित एक मनो- चिकित्सक के यहां उपचार चल रहा है। पुत्री की मानसिक स्थिति खराब होने के कारण पड़ोस का ही



रहने वाला एक मुस्लिम युवक गुलफान कुरैशी पुत्र मुन्ना कुरैशी हिस्ट्रीशीटर थाना कोतवाली नगर ने सुनियोजित तरीके से मेरी पुत्री की बेटियों को बहला-फुसलाकर अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और शहर के एक होटल में उनके अश्लील वीडियो बना लिए, इस कारण भयवस मेरी पत्नियों की बेटियां उनका विरोध नहीं कर पा रही। पीड़ित रमन प्रकाश का आरोप है मुस्लिम युवक गुलफान ने सुनियोजित तरीके से मेरी बेटी के माध्यम से गांव की भूमि को विक्रय करा कर धन एठ लिया जिसके डिजिटल ट्रांजैक्शन मेरे पास उपलब्ध है यही नहीं हाल ही में युवक ने विजय नगर स्थित मकान भी अपने परिचितों के नाम करा दिया जो कि कानून पूर्णतया फर्जी है क्योंकि वसीयत पहले से ही महिला के नाबालिग बेटे एबं दमाद के भतीजे के नाम है। जर-जोरू और जमीन, यही तो है सब फसाद की जड़ लेकिन एटा में कुछ इससे भी हट कर हो रहा है। जिसे समझ पाना एटा जैसे पिछड़े जिले के लोगों के दिमाग़ से बहुत दूर की कोड़ी है। बहुत ही सरल और सीधे लोगों के बीच में कुछ ऐसे भी शातिर दिमाग़ के लोग पल बढ़ रहें है जो दिखाई देने में आप हम सबको अनजानें से लगते है।लेकिन आपके अस्तित्व पर सवाल खड़े करनें के लिए यह घटना काफी है और अचंभित भी करेंगी। इस स्टोरी में कई किरदार है लेकिन एक किरदार नें सभी किरदारों को साधने का प्रयास किया है। परंतु जब यह घटना हमारे मंच के प्रतिनिधि के पास आई तो दिमाग़ चकरा गया था। पूरी कहानी को विस्तार से समझने के लिए हमारे सहयोगियों नें 24 घंटे से ऊपर खर्च किये। यह कहानी काल्पनिक नहीं है। जीवित प्राणियों से संबधित है, जनपद एटा के विजय नगर कालोनी में एक ब्राह्मण परिवार रहता है। जिस परिवार में कुल पाँच लोग रहतें थे। वक्त नें इस परिवार के हेड ऑफ़ फेमिली को आकस्मिक अपनी गोद में समा लिया। इस परिवार का बुरा वक्त यही से प्रारम्भ होता है और कुछ लालची परिंदे इस परिवार को नोंचने खाने की फिराक में लग जाते है। समय के आगोश से निकले इन परिंदो नें इस परिवार की दो छोटी-छोटी मासूम बच्चियों को अपने प्रेम जाल में फसाना शुरू किया। फिर शुरू होता हैञ्शोषण और हवस का खेल, इन बच्चियों की माँ.. जो अपने पति के दुःख से दुःखी यही नहीं समझ पा रही थी कि इन बच्चियों की परवरिश कैसे होंगी लेकिन शातिर परिंदो नें इस माँ पर भी हवसी जाल फैकना शुरू कर दिया और वो सभी सफल भी रहें। सबसे पहले शहर एटा का ही मुस्लिम लड़के नें इस ब्राह्मण परिवार की नावालिक बेटी इतिका दीक्षित को अपने प्रेम जाल में फसाया,फिर बड़ी बेटी मगधी दीक्षित को भी प्रेम जाल में फसा लिया। जब इस रिपोर्ट पर सूत्रों नें नजर गड़ाई तो बहुत कुछ सामने आने लगा यहाँ तक की सबूतों का ढेर लग गया।

## खेल हवस और सम्पति था?

इतिका दीक्षित के लिए एक मुस्लिम लड़के नें सोशल मिडिया इंट्राग्राम का सहारा लिया और प्रेम जाल बनाया और लड़की को फास भी लिया।फिर खेल में रोड़ा बन रही इतिका दीक्षित की बड़ी बहन मगधी दीक्षित को भी शामिल कर लिया गया। इस खेल की बड़ी कड़ी थी इन बेटियों की माँ जो बीमार भी है और मानसिक इलाज भी आगरा में चल रहा है। *गुलफाम कुरैशी नाम के लड़के नें सबसे पहले इन लड़कियों पर दवाब बना कर गाँव की सम्पति को सेल कराया जिसकी कीमत बेचने के समय 5000000 के करीब थी। बेच दी गई रकम हड़प ली गई. इन लव जिहाद में फ़सी नावालिक लड़कियों की सम्पति का पहला टुकड़ा बेचा गया 1- 14/7/2022 ( कीमत करीब-15 लाख ) दूसरा टुकड़ा भी उसी दिन बेचा गया 2- 14/7/ 2022 ( कीमत करीब -12 लाख ) तीसरा टुकड़ा बेचा गया 3-10/8/ 2022 ( कीमत करीब 20 लाख ) आखिर में जब कुछ नहीं बचा तो विजय नगर में स्थित मकान का बैनामा भी करा दिया गया 4- 30/8/2022 को ( कीमत करीब-1.20 करोड़ ) पूरे खेल के बंदरबाँट में रायता बिखर गया गुलफाम कुरैशी अपने खेल में चौकसी वरत रहा था लेकिन यह खेल बिगड़ गया एक होटल मालिक और पत्रकार की एंट्री से.... जब इस लव जिहाद का पता उक्त पत्रकार को लगा तो ब्लैक मेल का खेल शुरू होता है क्योंकि सारी जमीन तो बेच दी गई थी लेकिन विजय नगर का मकान बचा था। पूरे खेल पर पर्दा डालने के एवज में उक्त पत्रकार द्वारा मकान का बैनामा 30/8/2022 को करा लिया गया।होटल मालिक की एंट्री भी इसी खेल के हिस्सेदारी में आता है। जो कि मकान के बैनामा में बतौर गवाह बना है। लेकिन गुलफाम कुरैशी का खेल था हवस और सम्पति जो कि होटल मालिक अपने होटल में पूरा भी करा रहा है लेकिन मकान के हवस में पत्रकार भूल गये कि भारत का क़ानून और बुजुर्ग बहुत कुछ मरने से पहले ही कर जाते है

## वसीयत या यूं कहें स्व.मनोज दीक्षित की आत्मा की आखिरी लड़ाई

इस पूरे लव जिहाद के प्रकरण में नावालिक लड़कियों के अलावा स्व.मनोज दीक्षित के बेटे अर्नब दीक्षित के नाम दादी स्व.केला देवी मरने से पहले वसीयत कर गई है।जो जिन्न की तरह सामने आ गया है। क़ानून के पेच अगर सही जगह कसे गये तो फिर जेल और सजा दोनों ही सभी को होंगी। क्योंकि वालिक बना व फर्जी कागजात लगा कर बैनामा किया गया है। कुछ समझ में आया कि किस तरह से सम्पति और हवस के लिए आपकी बेटियों को बहकाया जा रहा है और इन सब में शामिल है शहर के ही मासूम से दिखने वाले पत्रकार और व्यवसाई। इस स्टोरी में देखिए आपकी बेटी भी हो सकती है आपका घर भी होगा और आपकी सम्पति भी होंगी। सिर्फ अपना चश्मा बदल लीजिये। क्योंकि दरिंदे और गद्दार का कोई रिश्ता नहीं होता है।आप जिन लोगों की सिफारिश में लगे है वो आपकी बेटी के साथ ही रेप कर रहें है। बस दृश्य महसूस कीजिये। मामला फंसते दिखा तो पत्रकार भाजपा के कैलाशगंज के रहने वाले नेता को मोटी रकम देकर अपने आप को बचाने के प्रयास में लग गया है, भाजपा नेता भी मोटी रकम लेकर अपनी दम भर रहा है, आगे कि खबर में सबूत और माफियाओ के चेहरे भी आपके सामने लाएगा। राष्ट्र और पीड़ितों की एक ही आवाज को पहली बार पन्ना और सरिस्का में स्थानांतरित किया गया तब कई लोग आशंकाएं व्यक्त कर रहे थे। वे गलत साबित हुए। चीता प्रोजेक्ट पर भी उसी तरह की भविष्यवाणीयां की जा रही हैं। इसमें शामिल प्रोफेशनल्स बहुत अच्छे हैं। मैं इस प्रोजेक्ट के लिए शुभकामनाएं देता हूं! भारत तोड़ने वाले विदेश से चीते ला रहे कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने ट्वीट करके कहा कि क्यूंकि हमारा शेर भारत जोड़ो यात्रा पर निकला हुआ है तो भारत तोड़ने वाले विदेश से अब चीते ला रहे हैं। मालूम हो कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आज करुनागपल्ली के समीप पुथियाकावु जंक्शन से हजारों पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ %भारत जोड़ो यात्रा% के 10वें दिन का सफर शुरू किया। गांधी और यात्रा में शामिल सदस्यों ने शुक्रवार को करीब 24 किलोमीटर की पदयात्रा करने के बाद करुनागपल्ली में विश्राम किया था। भारत जोड़ो यात्रा सुबह साढ़े छह बजे फिर से शुरू हो गई। राहुल गांधी और पार्टी के अन्य सदस्य करीब 12 किलोमीटर की पदयात्रा करेंगे और अलपुझा जिले में प्रवेश करेंगे। दोपहर में आराम के बाद वे फिर शाम पांच बजे पदयात्रा शुरू करेंगे और 8 किलोमीटर का सफर करेंगे। वे चेप्पड में जनसभा के साथ शनिवार के कार्यक्रम का समापन करेंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के. सुरेश, के. मुरलीधरन, के सी वेणुगोपाल और राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता वी डी सतीशन भी राहुल के साथ पदयात्रा कर रहे हैं।

# अलीगंज पूर्व विधायक के खिलाफ एक और कार्रवाई

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-अलीगंज पूर्व विधायक के खिलाफ एक और कार्रवाई गैंग लीडर पूर्व विधायक रामेश्वर सिंह पुत्र लालाराम निवासी ग्राम अमृतपुर रघुपुर थाना जसरथपुर एटा हाल पता मोहल्ला प्रेम नगर थाना कोतवाली नगर एटा की अलीगंज बाहर चुंगी पर स्थित अचल संपत्ति को जिलाधिकारी के आदेश अनुपालन में किया कुर्क। गाटा संख्या 2227ख/2226 ( कृषि ), 2227अ ( कृषि ) रकवा 0.765, 0.045 है0 को कुर्क किया गया।

# डाकु सेठ ने पत्रकार राजेश गुप्ता के साथ की मारपीट, पुलिस ने किया अपराध दर्ज

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




सुरजपुर- प्रतापपुर अखबार में खबर ना छापने की धमकी देने वाले आरोपी एवं कई कोयला चोरी के मामले में आरोपी नारायण अग्रवाल उर्फ डाकू पिता रोशन अग्रवाल जो कि चार ट्रक कोयला चोरी के मामले में कुछ दिन पूर्व खडगाव पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उक्त अपराधी को जेल भेजे थे जिसका सभी अखबारों में खबर प्रकाशित हुई थी नारायण अग्रवाल इस वक्त कोयला चोरी के मामले में जमानत पर 2 दिन पूर्व रिहा हुए हैं। इसी मामले को लेकर जेल से बाहर निकलते हुए आदतन कोयला चोर का आरोपी नारायण अग्रवाल प्रकाशित खबर से काफी आक्रोशित था, अपने निवास से बस स्टैंड गए पत्रकार राजेश गुप्ता मां दुर्गा पूजन हेतु गिर रहे पंडाल के समान को देखने के लिए बस स्टैंड गए तथा पान दुकान के पास आड़ में खड़े हुए थे। उसी वक्त नारायण अग्रवाल के द्वारा अपने कार से आकर अचानक तेज रफ्तार में ब्रेक मारा जिससे आसपास के खड़े लोग अचानक से देखने लगे तब नारायण अग्रवाल ने राजेश गुप्ता को देखते ही मां बहन की गंदी गंदी गालियां देने लगा वहीं विरोध करने पर उसके द्वारा मारपीट की गई जिसके वजह से राजेश गुप्ता को कई जगह पर चोट आई तथा मारपीट के घटना को अंजाम देते हुए बोला कि तुम लोग अभी पत्रकार पुलिस से मिले हुए हो मेरा खबर कोयला का प्रकाशन करते हो जानते नहीं मैं कौन हूं मेरा नाम डाकू है 4 दिन में कोयला के केस में जमानत पर आ गया तो तुम लोग क्या बिगाड़ लोगे मेरा यह कहते हुए घटना को अंजाम देते हैं। साथ ही कार के अंदर रखे हुए डिक्की से कट्टा पिस्तौल जैसा निकाला और राजेश गुप्ता पर उसके हत्था से वार कर दिया और बोला मैं आज तुमको बताता हूं कि मेरा नाम डाकू है और मेरे पाकिट में रखे हुए अट्ठारह सौ रुपए नगद एवं पेन को लूट लिया जिससे लोगों की भीड़ एकत्रित होने लगी जैसे ही डाकू सेट जान से मारने की धमकी देते हुए तथा शूटर मंगा की हत्या करने जैसे बात को करते हुए अपने वाहन से आक्रोशित भीड़ को देखते हुए मौके से फरार हो गया जिसकी शिकायत एवं अपराध प्रतापपुर थाने में रात्रि में ही अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया । पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू प्रतापपुर पुलिस एसडीओपी अमोलक सिंह जी के दिशा निर्देश पर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह ने मामला को गंभीरता से लेते हुए तत्काल नारायण अग्रवाल का खोजबीन करते हुए प्रतापपुर से गिरफ्तार कर कर लिए जिनके विरोध पूर्व में भी कई अपराध प्रतापपुर थाना सहित कई थाना में अपराध दर्ज है जिसकी जांच शिकायत के बाद में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 392, 506, 294 ,323 के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुए मामला दर्ज किया है जिस पर और भी धारा बढ़ सकती है तथा न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया नारायण अग्रवाल के उक्त कृत्य से प्रतापपुर के नगर वासी भारी आक्रोशित है तथा हजारों लोगों ने सोशल मीडिया के माध्यम से कड़ी से कड़ी सजा मिलने की बात हो रही है नारायण अग्रवाल काफी विवादित एवं अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है इसके ऊपर अन्य थाना क्षेत्र सहित सीमावर्ती प्रदेश में भी कई मामले दर्ज हैं जो क्षेत्र में लगातार भय एवं लोगों को झूठे अपराध में फसाना इसका पैसा बन गया है नारायण अग्रवाल के द्वारा किसी भी व्यक्ति को गाली गलौज करना कहीं भी आम सी बात है। इस विषय में थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह ने बताया कि मामला का गंभीरता से जांच किया जा रहा है तथा इससे संबंधित हर थाना क्षेत्र के नारायण अग्रवाल के ऊपर अपराध दर्ज केसों की सूची मंगाई जा रही है। पुलिस एसडीओपी अमोलक सिंह ने बताया कि नारायण अग्रवाल को सूरजपुर कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया तथा इसके सारे कारनामों के चिट्ठे पेश करते हुए इसके ऊपर जिला बदर की कार्यवाही केस के आधार पर की जाएगी।

# छत्तीसगढ़ के कोरिया में मारे गए थे अंतिम 3 चीते, गांव वालों की गुहार पर महाराज रामानुज सिंहदेव ने किया था शिकार

देश में 70 साल बाद चीतों की वापसी हो रही है। नामीबिया से लाए गए 8 चीतों को मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में कूनो नेशनल पार्क के बाड़े में रखे जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर यह जीते लाए जा रहे हैं। कभी चीतों का घर रहे भारत में आजादी के वक्त ही चीते पूरी तरह विलुप्त हो गए। 1947-48 में देश के आखिरी तीन चीतों का शिकार मध्य प्रदेश के कोरिया रिसासत (अब छत्तीसगढ़) के महाराजा रामानुज प्रताप ने किया था। 1952 में भारत में चीतों को विलुप्त वन्य जीव घोषित कर दिया था। अब 70 साल बाद इंतजार की घड़ियां खत्म होने वाली है। देश की धरती पर एक बार चीता अपनी दस्तक दे देगा। ऐसा बताया जाता है कि 1947-48 में छत्तीसगढ़ के कोरिया रियासत के महाराजा रामानुज प्रताप सिंहदेव ने देश के आखिरी 3 एशियाई चीतों का शिकार किया था। इसके बाद से भारत में एशियाई चीतों को कभी नहीं देखा गया था। जानकारी के अनुसार महाराज रामानुज प्रताप सिंहदेव



शिकार के बेहद शौकीन थे। उन्होंने अपने जीवनकाल में बाघ, तेंदुए, हिरण, चीता, बारहसिंगा जैसे अनेक जानवरों का शिकार किया, जिसकी गवाही आज भी रामानुज पैलेस की दीवारों पर टंगे सिर देते हैं। 1948 में रामानुज प्रताप सिंहदेव बैकुंठपुर से लगे एक गांव के समीप जंगल में शिकार करने गए थे। ग्रामीणों ने जंगली जानवर के हमले की बात कही थी और मदद की गुहार लगाई थी।

## चीतों को मारने के बाद खिंचाई थी फोटो

ग्रामीणों ने आदमखोर जंगली जानवर की शिकायत रामानुज प्रताप सिंहदेव से की थी। जिसके बाद महाराज शिकार के लिए निकल पड़े और उन्होंने एक साथ तीन चीतों का मार गिराया। शिकार किए गए तीनों नर चीते थे और पूरी तरह वयस्क भी नहीं हुए थे। परंपरा के मुताबिक महाराज ने तीनों मृत चीतों के साथ बंदूक लिए फोटो खिंचाई। ऐसा माना जाता है कि यह 3 चीते भारत के आखिरी एशियाई चीते थे और उसके बाद भारत में कभी एशियाई चीते नहीं देखे गए। वहीं भारत में चीतों की दोबारा वापसी हो रही है, तब अचानक से महाराजा रामानुज प्रताप सिंहदेव के भारत के आखिरी चीतों के शिकार की बात फिर सुर्खियों में है।

## शिकार के 3 साल बाद चीते देखे गए थे

मीडिया की खबरों में महाराजा रामानुज प्रताप सिंह को भारत के आखिरी चीतों के हत्यारों के तौर पर पेश किया जा रहा है वहीं उनकी पोती अंबिका सिंहदेव ने इस पर अपनी नाराजगी जाहिर की। इसे लेकर अंबिका सिंहदेव ने कहा कि यह जरूर सच है कि मेरे बाबा ने चीतों का शिकार किया था, लेकिन इसके कोई आधिकारिक प्रमाण नहीं है कि वह देश का आखिरी चीता था। उनके पिता रामचंद्र सिंहदेव ने कहना था कि महाराज रामानुज प्रताप सिंह के चीतों का शिकार करने के बाद भी इस इलाके में चीते देखे गए थे। हालांकि अंबिका सिंहदेव ने अपने परिवार के सदस्यों से चीतों के शिकार की पूरी कहानी ही सुनी है। रामानुज प्रताप सिंहदेव के पुत्र रामचंद्र सिंहदेव भी मानते थे कि महाराजा रामानुज प्रताप सिंह के चीतों के शिकार करने की घटना के बाद भी उस इलाके में ढाई-तीन साल बाद भी चीते देखे थे, जहां शिकार किया गया था।

## सरगुजा के महाराजा ने मारे 1170 बाघ

19वीं सदी में तत्कालीन सेंट्रल प्राविंस एंड बरार क्षेत्र की कोरिया महत्वपूर्ण रियासत थी। बैकुंठपुर इसकी राजधानी थी और शिवोमंगल सिंहदेव राजा थे। 18 नवंबर 1909 को शिवोमंगल सिंहदेव की मृत्यु के बाद उनके बड़े बेटे रामानुज प्रताप सिंहदेव कोरिया रियासत के महाराज बने। बालिग होने के बाद सन 1925 से उन्होंने पूरी तरह रियासत का कामकाज संभाल लिया। घने जंगल से घिरे इस इलाके में बाघ, तेंदुए, चीते जैसे खूंखार जानवरों थे। राजा अपनी वीरता दिखाने के लिए इनका शिकार किया करते थे। उस दौरान बाघों की संख्या और शिकार का सिलसिला अधिक था। विख्यात पक्षी विशेषज्ञ सालिम अली की आत्मकथा के एक अध्याय बस्तर:1949, में उन्होंने लिखा है कि सरगुजा के महाराज ने अपने जमाने में 1170 से अधिक बाघों का शिकार किया है। सरगुजा, कोरिया से लगी हुई रियासत थी।

# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिवस पर की गई विशेष महिला गंगा आरती

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

ऋषिकेश गंगा आरती ट्रस्ट द्वारा महिलाओं द्वारा की जा रही गंगा आरती में पूर्णानंद घाट में महिलाओं ने पूजन-अर्चना कर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिवस पर की विशेष गंगा आरती। इस विशेष अवसर पर विशेष प्रार्थना पूजा व कामना की गई कि ईश्वर व गंगा माँ पुष्कर सिंह धामी जी को शक्ति दें और स्वस्थ रखें इसके साथ ही महिला साधकों ने हवन कर आहुतियां दी। पंडित हरिओम शर्मा ज्ञानी जी ने कहा कि मुझे विश्वास है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी नेतृत्व में उत्तराखंड में समृद्धि लौटेगी। बहुत प्रगति होगी, और लोगों के मुद्दों को हल किया जाएगा। गंगा मैया आपके साथ है। पुष्कर सिंह धामी जी के मुख्यमंत्री कार्यकाल में अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं प्रदेश को मिली। डॉ. ज्योति शर्मा ने धामी जी को शुभकामनाएं देते हुए उनकी दीर्घायु की कामना की है।

उन्होंने कहा है कि अब उन्हें पहाड़ से पलायन रोकने और युवाओं को रोजगार देने की दिशा में काम करके दिखाना होगा साथ ही इसी क्रम में ऋषिकेश गंगा आरती की गंग सबलाओं ने नारी शक्ति व नेतृत्व को बढ़ावा देने के सरकार के प्रयासों को सराहा व सरकार की विभिन्न योजनाओं को बढ़ावा देने हेतु श्रद्धालुओं से जन संकल्प करवाया। देर शाम तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मुख्य रूप से गंगा आरती में ट्रस्ट की सदस्य डॉक्टर ज्योति शर्मा, संध्या शुक्ला, श्रीमती सुषमा बहुगुणा रीता, प्रमिला, गायत्री देवी, सरोज देवी आदि ने गंगा आरती की।



- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिवस पर की गई विशेष महिला गंगा आरती
- गंगा मैया का भी मिला पुष्कर सिंह धामी जी को आशीर्वाद
- युवा राज्य- युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी
- दूरगामी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को समर्पित महिला गंगा आरती



# साई मंदिर श्यामगंज मे खिचडी प्रसाद बितरण किया



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली -माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र दामोदर दास मोदी जी का जन्मदिन है मोदी जी ने दुनियाभर मे भारत का मान बढाया है इस बात का जीता जागता उधाहरण है रुष और युक्रेन का युद्ध भारतीय ही नही जो भारत के खिलाफ संडयन्त्र रचते रहते है बह भी भारत का त्रिरंगा दिखाकर सुरक्षित युक्रेन से निकल आए ऐसे प्रधानमंत्री मोदी की दीर्घायु की कामना के लिए पंडित सुशील कुमार पाठक सरबराकार श्री शिरडी साई सेबा ट्रस्ट रजिस्टर्ड बरेली के तत्वावधान मे साई मंदिर श्यामगंज मे खिचडी प्रसाद बितरण किया और पांच पेड सिन्दूर ( हनुमानजीबाले ) के अलग अलग स्थानो पर लगाए गए एक पेड बारीनगला मंदिर पर दूसरा पेड ट्रांसपोर्ट नगर मढी पर तीसरा पेड सनातन शिव मंदिर सैनिक कालोनी चौथा पेड सिबिल लाइन नितीस टंडन के आबास के सामने और पांचवा पेड श्री श्यामा श्याम मंदिर राधेश्याम इन्क्लैब मे लगबाया इस अबसर पंडित सुशील कुमार पाठक के साथ नीलकमल पाठक नीरज पटेल स्वामी अतुल देव नितीस टंडन अबनीश मिश्रा अनिल मिश्रा आदि लोग साथ मे उपस्थित रहे।

# लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम हेतु चीफ, डिप्टी तथा असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के चयन हेतु 22 तक करें आवेदन

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-सिविल जज (सी0डि0)/ प्रभारी-सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हिमांशु कुमार सिंह ने उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में सूचित करना है कि जनपद एटा में लीगल एड डिफेंस काउन्सिल सिस्टम हेतु चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के एक पद, डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के एक पद एवं असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के दो पदों की नियुक्ति की जानी है। उक्त पदों के चयन हेतु 22 सितम्बर 2022 की सांय 05 बजे तक आवेदन निर्धारित प्रारूप पर आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में अपराधिक मामलों में वंचित तथा कमजोर वर्ग की प्रति रक्षा हेतु लीगल एड डिफेंस काउन्सिल की स्थापना की जानी है। उक्त रिक्त पदों हेतु चयन समिति द्वारा प्रतियोगी परीक्षा के आधार किया जाएगा। चयन पूर्ण रूप से योग्यता के आधार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उपरोक्त पदों का चयन दो वर्ष के लिए संविदा के आधार पर किया जाएगा।

आवेदन पत्र निर्धारित प्रोफोर्मा पर भरकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद एटा के कार्यालय में 22 सितम्बर 2022 को सांय 5 बजे तक जमा कर सकते हैं। अभ्यर्थी आवेदन पत्र जनपद न्यायालय की बेबसाइट www.districts.ecourts.gov.in/etah उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ की बेबसाइट www.upslsa.up.nic.in से डाउनलोड कर प्राप्त किए जा सकते हैं। चयन से संबंधित विस्तृत विज्ञापन एवं दिशा निर्देश जनपद न्यायालय एटा, कलक्ट्रेट व तहसीलों के नोटिस बोर्ड व माननीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की बेबसाइट पर उपलब्ध है, वहां से अवलोकन कर सकते हैं।

# पत्रकारों का उत्पीड़न बर्दास्त नहीं-सुनील मिश्रा

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-संयुक्त प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने अलीगंज सीएचसी पर पत्रकारों के साथ हुई अभद्रता के विषय मे एसडीएम, सीओ से की मुलाकात। पत्रकारों का उत्पीड़न बर्दास्त नहीं। (सुनील मिश्रा अध्यक्ष संयुक्त प्रेस क्लब)। एटा।अलीगंज सीएचसी पर अवैध बसूली और मोमबत्ती की रोशनी में होने वाली डिलेवरी की सूचना पर हॉस्पिटल पहुंचे पत्रकारों से वहाँ तैनात नर्स सुनीता यादव द्वारा कवरेज के दौरान कैमरा छीनने और अभद्रता करने की घटना और नर्स द्वारा पत्रकारों के खिलाफ झूठी तहरीर देने से उपजे विवाद पर पत्रकारों में रोष व्याप्त है, इधर पत्रकारों व पीड़ित द्वारा भी इस घटना के विरोध में तहरीर दी है, लेकिन डॉ0रंजीत वर्मा उनकी पत्नी स्वेता सिंह द्वारा पत्रकारों के खिलाफ मुर्दाबाद पत्रकारो को गिरफ्तार करो के नारों से पत्रकारों के अधिकारों के हनन हुआ है, साथ ही पत्रकारो की छवि भी खराब करने की कोशिश की गई इसकी जानकारी पर एटा से सँयुक्त प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुनील मिश्रा के नेतृत्व में पत्रकारों का प्रतिनिधि मंडल ने एसडीएम अलीगंज मानवेन्द्र सिंह, सीओ विक्रांत दुवे से मुलाकात कर हॉस्पिटल में हो रही अनियमितताओं और घोटाले को पत्रकारों द्वारा उजागर करने पर यदि पत्रकारों को झूठे मुकद्दमे में फंसाया गया तो पत्रकार भी चुप नही बैठेंगे,प्रेस यूनियन के अध्यक्ष ने दोंनो ही अधिकारियों से बातचीत के दौरान कहा कि आप इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर न्याय संगत निर्णय लें।इस मुलाकात में प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष मदन गोपाल शर्मा, कोषाध्यक्ष प्रमोद लोधी, संगठन मंत्री सन्दीप शर्मा,रितेश यादव उपाध्यक्ष उपस्थित रहे

# भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष धनीपुर में मनाया मोदी जी का जन्मदिन

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- भाजपा कार्यालय पर भारत के माननीय यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का जन्मदिन हर्ष और उल्लास के साथ मनाया मिष्ठान वितरण किया दीप प्रज्वलित किया नरेंद्र मोदी जिंदाबाद नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए गए भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है के नरेंद्र मोदी देश के ही प्रधानमंत्री नहीं बल्कि पूरे विश्व के नेता हैं उनकी लंबी आयु के लिए भगवान से प्रार्थना की गई देश को हर बार माननीय नरेंद्र मोदी जैसे नेता की जरूरत है आज देश को मिल गया है भगवान इनकी उम्र बहुत लंबी करें जिससे जनता के बीच में रहे और जनता एवं देश की सेवा करते रहें और



आगे बढ़ते रहें यही नरेंद्र मोदी जी के लिए भगवान से प्रार्थना की गई है इस समय मौजूद भाजपा किसान मोर्चा के विष्णुपुरी मंडल के अध्यक्ष दीपक सिंह विमल ठाकुर धीरज ठाकुर विमल ठाकुर विक्की मोहित सिद्धार्थ पंडित अनिल ठाकुर आदि किसान एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे

# जन्मदिन पर मां के पास नहीं जा सका लेकिन लाखों माताओं से आशीर्वाद मिला- पीएम मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आज जन्मदिन है। आज वह 72 साल के हो गए। इस मौके पर बधाइयों का तांता लगा हुआ है। देश-विदेश से शुभकामना संदेश आ रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी पीएम मेदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में नामीबिया से लाए गए चीतों को छोड़ दिया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है। दशकों बाद भारत की धरती पर चीते लौटे हैं। आपको बता दें कि बीजेपी इस मौके पर देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित कर रही है। प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर शनिवार को 15 दिवसीय रक्तदान अभियान की शुरुआत हुई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज हैदराबाद में हैं। उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगजनों को मुफ्त दिव्यांग सहायता उपकरण और अन्य सामान बांटे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्योपुर के कराहल में स्वयं सहायता समूहों की ओर से आयोजित एक प्रदर्शनी का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी मौजूद रहे।पीएम मोदी ने कहा, %पिछले 8 वर्षों में स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाने में हमने हर प्रकार से मदद की है। देश में 8 करोड़ से अधिक बहनें इस अभियान से जुड़ी हैं। हमारा लक्ष्य है कि हर ग्रामीण परिवार से कम से कम एक बहन इस अभियान से जुड़े।%प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, %आजादी की लड़ाई में देश की बेटियां किसी से पीछे नहीं रही हैं... जिस भी सेक्टर में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ा है। उस क्षेत्र में उस कार्य में सफलता अपने आप तय हो जाती है। स्वच्छ भारत अभियान की सफलता इसका बेहतरीन उदाहरण है, जिसको महिलाओं ने नेतृत्व दिया है।%पीएम मोदी ने कहा, %पिछली शताब्दी के भारत और इस शताब्दी के नए भारत में एक बहुत बड़ा अंतर हमारी नारी शक्ति के प्रतिनिधित्व के रूप में आया है। आज के नए भारत में पंचायत भवन से लेकर राष्ट्रपति भवन तक नारी शक्ति का परचम लहरा रहा है।%प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्योपुर महिला स्वयं सहायता समूह सम्मेलन में भाग लिया और विकास केंद्रो का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा जयंती पर स्वयं सहायता समूहों का इतना बड़ा सम्मेलन अपने आप में बहुत विशेष है। मैं आप सभी को सभी देशवासियों को विश्वकर्मा पूजा की भी शुभकामनाएं देता हूं।पीएम मोदी ने कहा, अगर मेरे जन्मदिन पर कोई कार्यक्रम नहीं रहता तो मैं अपनी मां का पास जाता, उनके चरण छू करके आशीर्वाद लेता। आज मैं अपनी मां के पास नहीं जा सका लेकिन आज जब मेरी मां देखेगी कि मध्य प्रदेश के आदीवासी अंचल की लाखों माताएं मुझे आशीर्वाद दे रही हैं, तो उनको जरूर संतोष होगा। केंद्रीय संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी ने ट्वीट किया, वक्त आ गया है। सुबह के 10 बज गए हैं और प्रधानमंत्री के उपहारों की नीलामी अब शुरू हो गई है और लाइव चल रही है। वेबसाइट पीएममोमेंटोज डॉट गॉव पर पंजीकरण करा नीलामी में शामिल हों , f

जस पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को मिले खास तोहफे ( नीलामी के लिए ) रखे गए हैं।%मूर्तिकार अरुण योगीराज की ओर से बनाई गई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमूर्ति और राष्ट्रमंडल खेलों के विजेताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेंट किए गए उपहारों सहित तकरीबन 1,200 से ज्यादा उपहारों की नीलामी शनिवार को आरंभ हो गई। यह नीलामी प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर शनिवार सुबह शुरू हुई।भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने कहा, क्ष्ध्वक्क के करोड़ों कार्यकर्ताओं ने तय किया कि सेवा पखवाड़ा के रूप में PM का जन्मदिन मनाएंगे। हमारे लाखों कार्यकर्ता रिकॉर्ड बनाते हुए रक्तदान कर रहे हैं। क्ष्ध्वक्कसिर्फ एक राजनीतिक पार्टी नहीं है, पार्टी का आयाम सेवा है जिस पर पार्टी कार्य कर रही है।पीएम मोदी ने कहा, आज 21वीं सदी का भारत, पूरी दुनिया को संदेश दे रहा है कि अर्थव्यवस्था और पारिस्थितिकीय कोई विरोधाभाषी क्षेत्र नहीं है। पर्यावरण की रक्षा के साथ ही देश की प्रगति भी हो सकती है, ये भारत ने दुनिया को करके दिखाया है।%प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, %अंतरराष्ट्रीय गाइडलाइंस पर चलते हुए भारत इन चीतों को बसाने की पूरी कोशिश कर रहा है। हमें अपने प्रयासों को विफल नहीं होने देना है।%पीएम मोदी ने कहा कि कूनो नेशनल पार्क में इन चीतों को देखने के लिए लोगों को धैर्य दिखाना होगा और कुछ महीनों तक इंतजार करना होगा। आज ये चीते मेहमान बनकर आए हैं। कूनो राष्ट्रीय उद्यान को अपना घर बनाने में सक्षम होने के लिए हमें इन चीतों को कुछ महीने का समय देना होगा।

आपका लोकप्रिय दैनिक
क्यूँ न लिखूँ सच
ज्वाइन करने का सुनहरा मौका
आवश्यकता है
बरेली मुरादाबाद बदायूं उधम सिंह नगर
की सभी तहसील एवं ब्लाक स्तर पर
रिपोर्टर की
संपर्क करें- 9027776991

## लंदन के लिए रवाना हुईं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, महारानी एलिजाबेथ के अंतिम संस्कार में होंगी शामिल

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के राजकीय अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए शनिवार को लंदन के लिए रवाना हो गईं। राष्ट्रपति मुर्मू का विशेष विमान नई दिल्ली एयरपोर्ट पर उड़ान भरा। महारानी एलिजाबेथ का 96 साल की उम्र में 8 सितंबर को निधन हो गया। महारानी एलिजाबेथ द्वितीय का 19 सितंबर को अंतिम संस्कार किया जाएगा।राष्ट्रपति भवन मुर्मु की एक तस्वीर ट्वीट करते हुए कहा है, %राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एचएम महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के राजकीय अंतिम संस्कार में शामिल होने और भारत सरकार की ओर से संवेदना व्यक्त करने के लिए लंदन, यूनाइटेड किंगडम के लिए विमान से रवाना हुईं।% विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 12 सितंबर को दिल्ली स्थित ब्रिटिश हाई कमीशन का दौरा किया था और संवेदना व्यक्त की थी।

### महारानी एलिजाबेथ ने 70 साल तक किया शासन

महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के 70 वर्षों के शासनकाल में, भारत-ब्रिटेन के संबंध अत्यधिक विकसित,



फले-फूले और मजबूत हुए हैं। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उन्होंने राष्ट्रमंडल के प्रमुख के रूप में दुनिया भर के लाखों लोगों के कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के अंतिम यात्रा में हजारों की संख्या में लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।

### दुनियाभर के करीब 2000 अतिथियों के शामिल होने की संभावना

अंतिम संस्कार वेस्टमिंस्टर एबे में होगा जिसमें विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्षों सहित करीब 2,000 अतिथियों के शामिल होने की संभावना है। चर्च में प्रार्थना के बाद दिवंगत महारानी के पार्थिव शरीर वाले ताबूत को घोड़ा-गाड़ी से लंदन के बीचों-बीच से होकर ले जाया जाएगा। महारानी को विंडसर में उनके पति प्रिंस फिलिप के पास ही दफनाया जाएगा। प्रिंस फिलिप की मृत्यु पिछले साल हुई थी।